an>

title: Regarding four-laning of N.H. No. 352-A in Sonepat-Gohana-Jind section.

श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत के महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया है, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। सबसे पहले मैं सड़क एवं परिवहन मंत्री माननीय नितिन गडकरी जी का धन्यवाद करना चाहता हूं जिनके द्वारा सोनीपत-बवाना-जींद स्टेट हाइवे को राष्ट्रीय राजमार्ग 352 होने का दर्जा दिया गया है। इस नेशनल हाइवे पर ट्रैफिक के अत्यधिक दबाव और दुर्घटनाओं को देखते हुए जल्द से जल्द इसे जनहित में फोर लेन में तबदील करना आवश्यक है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि जो सरकार ने एन.एच. 352 ए बनाया है, उसको नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया से फोरलेन की मंजूरी दिलवाकर तत्काल कार्य शुरुवाने की कृपा करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री रमेश चन्द्र कौशिक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।